न्यायालय उपखण्ड अधिकार कोटडी जिला भीलवाडा (राजस्थान)

पीठासीन अधिकारी.........................,आर.ए.एस.
प्रकरण संख्या 67 /2017

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 111 , 128 रा.भू.रा.अधि.1956

अनवान

हस्तु पत्नी उदा गुर्जर जाति गुर्जर निवासी बिरधोल उम्र व्यस्क तहसील कोटडी जिला भीलवाडा (राजस्थान) |

प्रार्थी

बनाम

1. नारायण पिता किशोर गुर्जर जाति गुर्जर उम्र व्यस्क निवासी बिरधोल तहसील कोटडी जिला भीलवाडा |
2. भगवान पिता किशोर गुर्जर जाति गुर्जर उम्र व्यस्क निवासी बिरधोल तहसील कोटडी जिला भीलवाडा
3. भोना गुर्जर जाति गुर्जर उम्र व्यस्क निवासी बिरधोल तहसील कोटडी जिला भीलवाडा
4. मांगी लाल पिता रायमल गुर्जर जाति गुर्जर निवासी बिरधोल तहसील कोटडी जिला भीलवाडा
5. दुदा पिता रूपा गुर्जर जाति गुर्जर निवासी बिरधोल तहसील कोटडी जिला भीलवाडा
6. राजस्थान राय जरिये भू धारक तहसीलदार साहब कोटडी

विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 111 , 128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956

-::-आदेश::- दि- 10/7/17

प्रार्थी की और से एक प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस न्यायालय में दिनांक 16 /7/2017 को प्रस्तुत कर सादर निवेदन किया कि वाके **ग्राम बिरधोल प.म. बिरधोल भू.अ.निरीक्षक बिरधोल तहसील कोटडी जिला भीलवाडा में प्रार्थी खातेदार की भूमि की आराजी संख्या 214/1 रकबा 1 बीघा 19 बिस्वा ,आराजी संख्या 893/9 रकबा 1 बीघा 11 बिस्वा , कुल किता 2 ,कुल रकबा 3 बीघा 10 बिस्वा** स्थित हैं वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण के मध्य आराजी मुतदायिता के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा सम्बन्धी विवाद होते रहता हैं जिसमे प्रार्थी अपनी खाते/संयुक्त खाते की भूमि की पत्थरगढ़ी की आदेश प्रदान काराये जावे |

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दर्ज रजिस्टर किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया एवं प्रकरण केवल सीमा सम्बन्धी हैं जिससे किसी का कोई हक़ प्रभावित नही होता हैं विपक्षीगण का कोई हक़ प्रभावित नही होता हैं खातेदारी हक़ प्रार्थी का हैं इस कारण प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने के आदेश प्रदान किये जाते हैं एवं सम्बंधित भू.अ.निरीक्षक बिरधोल को कमिश्नर नियुक्त किया जाकर उभयपक्ष को सूचित करने उपरान्त पालना रिपोर्ट मार्फ़त तहसीलदार कोटडी तलब की जावे |

-:आदेश:-

प्रार्थी कि ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर आदेश दिए जाते हैं कि तहसील कोटडी के वाके **ग्राम बिरधोल प.म. बिरधोल भू.अ.निरीक्षक बिरधोल तहसील कोटडी जिला भीलवाडा में प्रार्थी खातेदार की भूमि की आराजी संख्या 214/1 रकबा 1 बीघा 19 बिस्वा ,आराजी संख्या 893/9 रकबा 1 बीघा 11 बिस्वा , कुल किता 2 ,कुल रकबा 3 बीघा 10 बिस्वा** भूमि पर पत्थरगढ़ी उभयपक्षकारान को सूचित किया जाकर बाद तिथि निर्धारण के पत्थरगढ़ी की जावे प्रार्थी इस कार्य के लिए कमिश्नर फ़ीस तहसीलदार कोटडी के निर्देशानुसार राशि 1000 रूपए वक्त पत्थरगढ़ी कमिश्नर भू.अ.निरीक्षक को जमा कराएगा खर्चा राशि जमा होने पर भू.अ.निरीक्षक दवारा पत्थरगढ़ी की जाकर पालना करे |

प्रतिलिपि:-तहसीलदार कोटडी को भेजकर लेख हैं कि आवेदक की पत्थरगढ़ी कराकर सात योम में पालन रिपोर्ट प्रस्तुत करे |